कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–13, अप्रैल 2019

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## मसूरी में दिखा

# कामधेनु डीलर्स का जोश

### दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स के लिए आयोजित हुई भव्य डीलर्स मीट

उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों का निर्माण कर कामधेनु लिमिटेड ने देश में एक खास मुकाम हासिल किया है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कंपनी ने खास मापदंड तय किए और उसे पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। इसी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए कंपनी देश में लगातार पेटेंट वाले उत्पादों को पेश कर रही है। इसके साथ ही कंपनी बेहतरीन कारपोरेट कल्चर को आगे बढ़ाते हुए कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति के लिए खास कार्यक्रमों को आयोजित करती है। इसी के तहत कंपनी ने एक बार फिर अपने चैनल पार्टनर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को मोटिवेट करने के लिए पहाड़ों के शहर मसूरी में भव्य डीलर्स मीट का आयोजन किया।

मसूरी के होटल जेपी, रेसिडेंसी में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस इवेंट में कंपनी के दिल्ली और हरियाणा के 400 डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में कंपनी के डीलर्स का वो जज्बा और जोश फिर से एक बार दिखा जिसके लिए वो जाने जाते हैं। इस भव्य इवेंट में बॉलीवुड की प्रसिद्ध शख्सियतों ने भी शिरकत की। इन शख्सियतों में दिलकश अदाकारा यामी गौतम, गायक अभिजीत सावंत और मिमिक्री कलाकार एवं हास्य अभिनेता जितेश चावला ने डीलर्स को मोटिवेट किया। तीन दिन के इस कार्यक्रम में हर दिन डीलर्स के लिए खास इवेंट को आयोजित किया गया। डीलर्स को यामी गौतम के साथ यादगार तस्वीर लेने का मौका मिला और अभिजीत सावंत ने अपनी आवाज के जादू से ऐसा शमा बांधा जिसने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। जितेश चावला ने अपने चुटीले अंदाज में सभी को गुदगुदाते हुए गाला नाइट को कभी न भूल पाने वाली हंसी ठहाकों की शाम में बदल दिया।

यहाँ कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल और निदेशक श्री सचिन अग्रवाल और पदाधिकारियों में श्री राजीव शर्मा (सीनियर जीएम, मार्केटिंग एंड सेल्स), श्री सुशील कुमार भारद्वाज (एजीएम), श्री अमित सुरौठिया (सीनियर मैनेजर), श्री पंकज आज़ाद (सीनियर मैनेजर), श्री संतोष सिंह चौहान (मैनेजर), श्री सौरव सुमन (मैनेजर) और श्री विजय शंकर सिंह (असिस्टेंट मैनेजर) सम्मिलित हुए। कंपनी के उत्पादों का लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए उत्पादन करने वाली कंपनी आशियाना इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री नरेश जैन और पुनीत जैन एवं अशियाना मैन्युफैक्चरिंग से निदेशक श्री नमन जैन सम्मिलित हुए।

कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने डीलर्स को सम्बोधित करते हुए कहा, ''आप कामधेनु परिवार के अहम सदस्य हैं। आपके सहयोग से ही हम लगातार हर लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। आपके सुझावों को अमल में लाने और आप तक नई योजनाओं को लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ये इवेंट आपकी सफलता और जोश का प्रतीक है। आप इसी तरह अपने प्रदर्शन को बनाये रखे ताकि हम भी आपके लिए कुछ नया करते रहे। साझे विकास के लिए सभी का धन्यवाद।''



शेष पेज 4 पर...

# कामधेनु लिमिटेड संयुक्त विकास के लिए मेसन को कर रहा मोटिवेट

उच्च गुणवत्ता वाले कंस्ट्रक्शन स्टील का निर्माण करने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड संयुक्त विकास को महत्व देती है ताकि कंपनी से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जा सके। लगातार पूरे देश में अवेयरनेस प्रोग्राम को आयोजित करते हुए कंपनी ने मेसन और निर्माण कार्य करने वाले व्यक्तियों तक निर्माण के क्षेत्र की जरूरी जानकारी पहुंचाती है। इसके साथ ही कंपनी मेसन के लिए खास पुरस्कार भी लेकर आती है ताकि उनको बेहतर तरीके से मोटिवेट किया जा सके। अपने इसी प्रयास के तहत कंपनी ने फरवरी और अप्रैल में अलग–अलग स्थानों पर मेसन मीट को आयोजित किया।

इन कायक्रमों में कंपनी ने कंस्ट्रक्शन स्टील की जरूरी जानकारी के साथ अपने इनोवेटिव उत्पाद नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT की महत्वपूर्ण खासियतों को भी मेसन को बताया। इसके तहत कंपनी ने 7 सेसन मीट को इस प्रकार आयोजित किया। 18 फरवरी को खरौदा में मेसन मीट को आयोजित किया। जिसका प्रबंधन मेसर्स त्यागी ट्रेडर्स के द्वारा किया गया था इसमें 70 मेसन संमिलित हुए। सहारनपुर में कंपनी ने 21 और 22 फरवरी को मेसन मीट को अयोजित किया 21 को मीट का प्रबंधन मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स ने किया। इसमें 70 मेसन ने हिस्सा लिया और 22 फरवरी को सम्मेलन का प्रबंधन मेसर्स इर्शद सीमेंट एजेंसी द्वारा किया गया जिसमें 45 मेसन ने हिस्सा लिया। 25 फरवरी को खुखड़ा में इसे आयोजित किया गया इसमें 45 डीलर्स ने हिस्सा लिया और इसे मेसर्स विपुल एंड चिराग ने आयोजित किया।

इसी तरह 5 अप्रैल को खुर्जा में आयोजित किया गया इसमें 40 मेसन सम्मिलित हुए और इसका प्रबंधन मेसर्स हिन्दुस्तान आयरन स्टोर द्वारा किया गया। 8 अप्रैल को मेरठ में 60 मेसन ने हिस्सा लिया इसका प्रबंधन कांति स्टील द्वारा किया गया। 10 अप्रैल को मुरादाबाद में आयोजित किया गया इसमें 60 मेसन ने हिस्सा लिया। इन पूरे कार्यक्रमों में कंपनी के पदाधिकरियों में श्री संदीप अग्रवाल, श्री अंकित सक्सेना, श्री सुमित गुप्ता, श्री प्रियांक श्रीवास्तव और श्री अनुराग अग्रवाल सम्मिलित हुए।









KAMDHENU Nxt



# देश की सुरक्षा होगी और पुख्ता

## इसरो ने EMISAT का किया सफल प्रक्षेपण

इसरो ने 1 अप्रैल को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से EMISAT उपग्रह का सफल प्रक्षेपण कर एक और कामयाबी हासिल की। 436 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह को इसरो और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने संयुक्त रूप से बनाया है। इस उपग्रह से विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का माप किया जा सकेगा। इस उपग्रह से डीआरडीओं को डिफेंस रिसर्च में सहायता मिलेगी। इसे PSLV-C45 से प्रक्षेपित किया गया। इसके साथ 28 उपग्रह अन्य देशों के भी थे जिन्हें पूर्व निर्धारित कक्षाओं में स्थापित किया गया। इनमें 24 अपग्रह अमरिका के, 1 स्पेन का, 1 स्विट्जरलैंड का और 2 लिथुआनिया के सैटेलाइट शामिल है। इसरो ने एक और पहल की शुरुआत करते हुए स्टेडियम की तर्ज पर एक गैलरी का निर्माण किया जहां से प्रक्षेपण को आसानी से देखा जा सकता है और यहां से करीब 5000 लोगों ने इस प्रक्षेपण को देखा।

# डीआरडीओ ने रचा कीर्तिमान

डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने 27 मार्च को ऐंटी सैटेलाइट मिसाइल का परिक्षण कर देश को विश्व के चार प्रमुख देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। अंतरिक्ष में उपग्रह को मार गिराने की क्षमता पहले सिर्फ अमरिका, रूस और चीन के पास ही थी। इस परिक्षण के साथ ही भारत इस तकनीक को हासिल करने वाला चौथा देश बना। इस परिक्षण को 150 वैज्ञानिकों ने पूरी कुशलता के साथ पूरा किया। अंतरिक्ष में मिसाइल को नष्ट करने के दौरान कम से कम कचरा फैले इसका ध्यान रखते डीआरडीओ ने अंतरिक्ष की निचली कक्षा को चुना ताकि कचरा स्वतः नष्ट हो जाए। डीआरडीओ के अनुसार इस मिसाइल की क्षमता 1000 किलोमीटर तक मार करने की है। अंतरिक्ष में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए 300 किलोमीटर पर टारगेट को सेट किया गया और मार गिराया गया। पहले ही प्रयास में सफलता मिली ये देश की उन्नत टेक्नालॉजी है।




# आगे बढ़ते हैं, जब साथ मिलते हैं कामधेनु कलरमैक्स चैनल पार्टनर

ब्रांडेड इस्पात उत्पादों का निर्माण करने वाली शीर्ष कंपनियों में शुमार कामधेनु लिमिटेड इनोवेशन और शानदार बिजनेस मॉडल पर कार्य करते हुए नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रही है। बिजनेस एनवायरमेंट को बेहतर करने के लिए हमेशा नये इनोवेशन को लागू कर रही है। इसके तहत कंपनी पूरे देश में हमेशा खास इवेंट को आयोजित करती है जिससे कंपनी से जूड़े हर सदस्य को प्रोत्साहित किया जा सके। इसी कड़ी में कंपनी ने अपने चैनल पार्टनर को प्रोत्साहित करने के लिए जयपुर में भव्य सम्मेलन को आयोजित किया। 16 मार्च को आयोजित इस इवेंट में कंपनी के लगभग 50 डीलर्स ने हिस्सा लिया।

डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए पूरी तरह से समर्पित इस कार्यक्रम में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री भास्कर चौधरी (जीएम मार्केटिंग), श्री प्लाबन शंकर दत्ता (मैनेजर मार्केटिंग), हेमचंद्र भट्ट (असिस्टेंट मैनेजर मार्केटिंग), शशिकांत शर्मा (सीनियर एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग) और रवि कुमार कुलमी (एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग) सम्मिलित हुए। यहाँ पदाधिकारियों द्वारा डीलर्स और डिस्ट्रिब्यूटर्स को उनके बेहतरीन कार्यों लिए प्रोत्साहित किया गया और पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही कलरमैक्स शीट्स से जुड़ी हुई खास बातों को साझा किया। इस ब्रांडेड उत्पाद के मार्केटिंग प्लान को बताते हुए उन्हें कस्टमर बिहेवियर एवं सेल मैनेजमेंट के गुर को सिखाया गया। कलरमैक्स से संबंधित इंसेंटिव को भी साझा किया गया।

इस सम्मेलन में सभी डीलर्स ने भरपूर उत्साह दिखाया और कलरमैक्स की भागीदारी राज्य में बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश करने का प्रण लिया। इस सम्मेलन में लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए कलरमैक्स का निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स जे.डी. एंस सन्स के निदेशक श्री महेश गंगवानी भी सम्मिलित हुए। इन्होंने भी कंपनी के चैनल पार्टनर्स की सराहना की।

श्री भास्कर चौधरी ने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को संबोधित करते हुए कहा, ''आपके बेहतरीन प्रदर्शन के द्वारा आज कंपनी लगातार विकास कर रही है। कलरमैक्स की पहुंच पूरे राज्य में सुनिश्चित हो रही है। कलरमैक्स एक उच्च गुणवत्ता वाला ब्रांडेड उत्पाद है जिसकी भागीदारी को राज्य में और बढ़ाया जा सकता है। आज इसका उत्पादन 12 हजार मीट्रिक टन है। इसकी मांग को देखते हुए लग रहा है कि हम और बेहतर कर सकते है। वर्तमान में हमारी बाज़ार में हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है। आप जिस जोश के साथ कार्य कर रहे है उससे लगता है कि हम अगले वित्त वर्ष में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल कर लेंगे। इसी उत्साह के साथ आप प्रदर्शन करते रहे और हर लक्ष्य को प्राप्त करते रहे। इसकी मैं आपको शुभकामनाएं देता हूँ।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.04.2019



...पेज 1 का शेष

# दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स को किया गया सम्मानित

दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में उन डीलर्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके तहत यहाँ हरियाणा के डीलर श्री बहादुर सिंह सैनी (मेसर्स थावर स्टील ट्रेडर्स, रेवाड़ी) को सेल का बादशाह अवार्ड, श्री सतीश महाजन (मेसर्स महाजन आयरन वर्क्स प्रा.लि., फरीदाबाद) को फर्स्ट हाईएस्ट सेल्स अचीवमेंट अवार्ड और KAMDHENU SS10000 के डीलर श्री अमित गोयल (मेसर्स गोयल आयरन स्टोर, हैली मंडी) को हरियाणा का बादशाह अवार्ड से सम्मानित किया गया। दिल्ली के डीलर श्री सचिन गुप्ता (गुप्ता आयरन एंड स्टील कं, राजौरी गार्डन) को सेल का बादशाह अवार्ड श्री विनोद सिंगला (मेसर्स राजेंद्र स्टील्स, राजौरी गार्डन) को फर्स्ट हाईएस्ट सेल्स अचिवमेंट अवार्ड और KAMDHENU SS10000 के डीलर श्री सुनील कुमार (मेसर्स भारत स्टील ट्रेडर्स, पालम) को दिल्ली का बादशाह अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनके साथ ही अन्य श्रेणियों में डीलर्स को 62 अवार्डों से भी सम्मानित किया गया।

राजीव शर्मा जी ने स्टेज को सम्भालते हुए डीलर्स के मनोबल को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए बॉलीवुड के सितारों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, ''आप जब भी अपने काम को बेहतरीन ढंग से पूरा करते हैं तो इससे पूरा कामधेनु परिवार मोटिवेट होता है। तीन दिन का यह इवेंट आपकी सफलता का प्रतीक है। जिसे हम एक परिवार की तरह मना रहे हैं। आज कंस्ट्रक्शन नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। सुरक्षा और मजबूती दोनो चाहिए जिसे सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पाद ही दे सकते है। KAMDHENU TMT और KAMDHENU SS10000 ऐसे उत्पाद है जो कंस्ट्रक्शन को सुरक्षा के साथ नई ऊँचाई देता है। पूरे देश में इन दोनों ही उत्पादों की बाज़ार हिस्सेदारी और बढ़ाई जा सकती है। राज्यों में विकास को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं जैसे स्मार्ट सिटी और मेक इन इंडिया चल रही है जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की जरूरत है। आपके जोश को देखकर हमें लगता है हम इसे बेहतरीन ढंग से पूरा कर सकते है। नये सफलता के साथ हम फिर नये जश्न में मिलेंगे इसकी शुभकामनाएं।''

















## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री राजेश शर्मा
मेसर्स लक्ष्मी नारायन स्टोर्स
अररिया (बिहार)
मो.– 9431096695

श्री श्याम सुंदर महेश्वरी
मेसर्स गौरी शंकर एंड कंपनी
फारबिसगंज, अररिया (बिहार)
मो.–9430297386

श्री आज़ाद अहमद
मेसर्स अहमद ट्रेडिंग कंपनी
मेन रोड बहादुरगंज,
जिला– किशनगंज, पिन 855101
मो.– 9431206597

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com